हिन्दी पखवाड़ा की रपट : क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी

क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी पर "हिन्दी पखवाड़ा" दिनांक 14 सितम्बर 2026 से 29 सितम्बर 2026 तक मनाया गया । क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ0 उपेन्द्र नभ त्रिपाठी के आह्वान पर हिन्दी पखवाड़ा के लिए हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक **29.09.2026** को किया गया जिसकी अध्यक्षता, क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. उपेन्द्र नभ त्रिपाठी ने की। । कार्यक्रम में हिन्दी अधिकारी डॉ. संजय कुमार, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. श्रवण कुमार पांडेय, क्षेत्रीय निदेशक एवं देव नारायण पाठक, सहायक क्षेत्रीय निदेशक एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. उपेन्द्र नभ त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने पर विशेष बल दिया| उन्होंने कहा हिंदी हमारी राजभाषा है और हमें ऐसे दैनिक कार्यों में अपनाना चाहिए | हिंदी अधिकारी डॉ संजय कुमार ने हिंदी के महत्व राजभाषा का कार्यालय में अधिकाधिक प्रयोग, नराकास एवं मुख्यालय की इसकी अपेक्षा पर बल दिया|

डॉ. श्रवण कुमार पांडेय, एवं देव नारायण पाठक ने भी हिन्दी राजभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिन्दी शुद्ध वर्तनी एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय को पुरस्कृत किया गया | अन्य सहभागियों को क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. उपेन्द्र नभ त्रिपाठी द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया।







